देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंकः 101 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
जनगणना की जरूरत



# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 21 जुलाई 2024



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 25.0° | 80351.64 | 2 एक फोन कॉल से खत्म करूंगा युद्ध | 7 सूर्या को खुद को करना होगा साबित

# उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट

## मौसम विभाग ने दी अगले 24–48 घंटे सतर्क रहने की चेतावनी

**संवाददाता**

नई दिल्ली। पिछले 24 घंटे में देश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कोंकण एवं गोवा में रेल अलर्ट जारी किया है। यहां अत्याधिक बारिश का अनुमान है। आने वाले तीन दिन हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी भारी बारिश होगी।

मौसम विभाग की ओर से उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। अगले 24–48 घंटे सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है। उत्तराखंड के कुमाऊं में ऑरेंज अलर्ट और गढ़वाल में येलो अलर्ट जारी किया गया है। गढ़वाल के अधिकांश जिलों और राजधानी देहरादून में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बारिश को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। साथ ही नदी–नालों के पास जाने से बचने की चेतावनी दी।

प्रदेश के चार जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत पौड़ी, चम्पावत और नैनीताल जिले के कुछ हिस्सों में तेज गर्जन के साथ भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ में भी रेड अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई में एक मकान की बालकनी ढहने से एक महिला की मौत हो गई और 13 लोग घायल हैं। महाराष्ट्र में कई नदियां उफान में हैं। भारी बारिश से पहाड़ी राज्यों में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी झमाझम बारिश के आसार हैं। बिहार में 23 जुलाई से मौसम करवट लेगा।

ओडिशा तट पर मानसून के दबाव के प्रभाव के कारण विदर्भ, दक्षिण छत्तीसगढ़ के अलग–अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। आज यानी 20 जुलाई को दक्षिण ओडिशा, उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है। अगले 4–5 दिन गुजरात में भी अलग–अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। मौसम विभाग ने मध्य महाराष्ट्र में अत्यंत भारी वर्षा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। गुजरात में 24 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

### डेढ़ घंटे बंद रहा यमुनोत्री हाईवे

यमुनोत्री धाम सहित आसपास के क्षेत्र में देर रात बारिश होने के कारण शनिवार सुबह यमुनोत्री हाईवे ओजरी डाबरकोट में मलबा और बोल्डर आने से बंद हो गया था। सुरक्षा के लिहाज से वाहनों को दोनों तरफ रोका गया था। करीब डेढ़ घंटे बाद मलबा हटाकर वाहनों की आवाजाही सुचारू की गई।



### राज्य में 47 मार्ग बंद हुए

राज्य में बरसात के कारण बीते दिनों 47 मार्ग बंद हुए। जबकि प्रदेश में पहले से ही 43 मार्ग बंद थे। कुल बंद मार्गों में 44 मार्ग ही खोले जा सके, अभी भी 46 सड़कें बंद हैं। मार्ग बंद होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है, जो मार्ग बंद हैं, उसमें सात राष्ट्रीयध्राज्य मार्ग शामिल हैं। इसमें चंपावत जिले में दो राष्ट्रीय और राज्य मार्ग शामिल हैं। टिहरी, पौड़ी, देहरादून, पिथौरागढ़, चंपावत, ऊधम सिंह नगर में एक– एक राष्ट्रीय और राज्य मार्ग बाधित हैं। इसके अलावा सर्वाधिक 36 ग्रामीण मार्ग भी बंद हैं। मार्ग बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### इन राज्यों में ऑरेंज अलर्ट

आज लिए छत्तीसगढ़ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 21 से 24 जुलाई तक कोंकण एंव गोवा और मध्य महाराष्ट्र में ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड में भी 23 जुलाई को ऑरेंज अलर्ट है। पहाड़ी राज्यों में से एक हिमाचल प्रदेश में 22 और 23 जुलाई को बहुत भारी बारिश की संभावना है। तेंलागना और तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में ऑरेंज अलर्ट है। यहां बहुत भारी बारिश हो सकती है। ओडिशा में भी ऑरेंज अलर्ट है। पूर्वी राजस्थान में भी भारी बारिश का अनुमान है। पिछले 24 घंटे में कोंकण और गोवा, पूर्वी उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, तटीय कर्नाटक, सौराष्ट्र और कच्छ में भारी से बहुत भारी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुनीता केजरीवाल ने हरियाणा के लिए लॉन्च की 5 गारंटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने भी कमर कस ली है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गैरमौजूगी में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने इसका मोर्चा संभाला है। उन्होंने हरियाणा के लिए पांच गारंटियों का ऐलान किया है जिन्हें केजरीवाल की गांरटी नाम दिया गया है। इसमें महिलाओं के लिए हर मीहने 1000 रुपए और मुफ्त बिजली जैसे वादे किए गए हैं।

### आस्था कभी अंधी नहीं होती: मोहन भागवत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शनिवार को दावा किया कि 1857 के बाद अंग्रेजों ने देशवासियों की अपनी परंपराओं और पूर्वजों में आस्था को कम करने के लिए व्यवस्थित तरीके से प्रयास किए। उन्होंने कहा कि कुछ प्रथाएं और रीति–रिवाज जो चले आ रहे हैं, वे विश्वास हैं।

# नवीकरणीय ऊर्जा का महत्व पूरे देश में तेजी से बढ़ा: सीएम

## मुख्यमंत्री ने किया सोलर वाटर हीटर अनुदान योजना पोर्टल का शुभारंभ

**संवाददाता**

देहरदून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में उरेडा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सोलर वाटर हीटर अनुदान योजना में आवेदन एवं अनुदान निर्गत किये जाने के लिए पोर्टल www.uredaonline.uk-gov.in का शुभारम्भ किया गया। प्रदेश के राजकीय भवनों पर स्थापित सोलर पावर प्लान्ट एवं सोलर वाटर हीटर, 27 भवनों पर 1.26 मे.वा. क्षमता के सोलर पावर प्लान्ट तथा 44 राजकीय भवनों पर स्थापित 48400 लीटर क्षमता के सोलर वाटर हीटर सयंत्रों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के 47 लाभार्थियों को परियोजना आवंटन पत्र प्रदान किये गये तथा 04 संख्या लाभार्थियों को पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत राज्य अनुदान के चेक प्रदान किये गये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा का महत्व पूरे देश में तेजी से बढ़ा है। नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत पांरपरिक जीवाश्म आधारित ईंधन के एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत से कार्बन उत्सर्जन को खत्म करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंचामृत कार्य योजना के तहत भारत में वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया है। 2070 तक देश को कार्बन न्यूट्रल बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### सौर ऊर्जा एवं जल विद्युत के क्षेत्र में काफी संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में सौर ऊर्जा एवं जल विद्युत के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। राज्य में सौर ऊर्जा को तेजी से बढ़ावा देने के लिए नई सौर ऊर्जा नीति बनाई गई है। वर्ष 2026 तक राज्य के सभी शासकीय भवनों पर सोलर पावर प्लांट स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए 100 करोड़ रूपये की धनराशि का प्राविधान किया गया है। रूफटॉप सोलर प्लांट को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से संयुक्त रूप से 70 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है।

# दुकानों पर नाम लिखने के फैसले पर सियासत तेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांवड़ मार्गों की खाने–पीने की दुकान पर संचालकों का नाम और पहचान अनिवार्य कर दिए जाने से दुकानदारों में बेचौनी बढ़ गई है। इस आदेश को लेकर शनिवार को भी विपक्ष के नेताओं की ओर से टिप्पणियां सामने आती रहीं। वहीं एक तरफ नेताओं के बीच जुबानी जंग छिड़ी और दूसरी तरफ दुकानों के बाहर नाम प्रदर्शित करने का सिलसिला जारी रहा। एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, यूपी के कांवड़ मार्गों पर खौफ, यह भारतीय मुसलमानों के प्रति नफरत की वास्तविकता है। इस नफरत का श्रेय राजनीतिक दलों/हिंदूवादी नेताओं और तथाकथित धर्मनिरपेक्ष पार्टियों को जाता है।

वहीं कपिल सिब्बल ने भी एक्स अकाउंट पर लिखा, यूपी में सड़क किनारे ठेलों और भोजनालयों को मालिकों के नाम प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है। क्या यह विकसित भारत का रास्ता है। विभाजनकारी एजेंडे से देश बंटेगा। सपा के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश का माहौल खराब करना चाहती है, ताकि विधानसभा उपचुनाव में उसे लाभ मिल सके।

### राजनीति

■ओवैसी से लेकर कपिल सिब्बल तक ने योगी सरकार को घेरा

### ब्रज के संतों का समर्थन

वृंदावन के रमणरेती स्थित हनुमान टेकरी आश्रम में हनुमान टेकरी के अधिकारी महंत दशरथ दास महाराज की अध्यक्षता में एक धर्म सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में सभी दुकानों, होटल–ढाबों, ठेली एवं कार्यस्थलों पर दुकान का नाम और दुकान के मालिक का नाम अनिवार्य रूप से लिखने के आदेश का स्वागत किया गया।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# जम्मू में आतंक के खात्मे की नई रणनीति


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। जम्मू में पिछले कुछ दिनों से लगातार आतंकी हमलों को अंजाम दिया जा रहा है। कई जवान शहीद हो चुके हैं। कश्मीर के बाद आतंकी जम्मू संभाग को निशाने पर लिया है। कठुआ, डोडा और रियासी में हमलों को अंजाम दिया है। आतंकी पर नकेल कसने के लिए भारतीय सेना अब अलग रणनीति पर काम कर रही है।

### आतंकियों के खात्मा के लिए जम्मू में हाई लेवल सिक्योरिटी मीटिंग

शनिवार को जम्मू में उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक हो रही है। मीटिंग के लिए बीएसएफ अधिकारी पुलिस मुख्यालय पहुंच गए हैं। जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी पहुंच गए हैं। आतंकी हमलों को रोकने के लिए बैठक की जा रही है। इस दौरान भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी जम्मू पहुंच गए हैं। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए जम्मू के दौरे पर हैं। उन्हें सुरक्षा बलों द्वारा कब्जे में लिए जा रहे क्षेत्रों के बारे में फॉर्मेशन कमांडरों द्वारा जानकारी दी जाएगी। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सेना, जम्मू–कश्मीर पुलिस, बीएसएफ और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू के राजभवन पहुंचे।

## न्यूज डायरी



### राष्ट्रपति बनते ही एक फोन कॉल से खत्म करूंगा युद्ध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मिल्वौकी। रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने हिंसक अंतरराष्ट्रीय संकटों को समाप्त करने और विश्व मंच पर अमेरिकी प्रतिष्ठा को बहाल करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि वह ष्एक फोन कॉल से युद्धों को रोक सकते हैं। ट्रंप ने अपने उत्तराधिकारी और प्रतिद्वंदी जो बाइडन के नेतृत्व में दुनिया की भयावह तस्वीर पेश करने की कोशिश की। मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में उन्होंने कहा कि ग्रह तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर है।ष ट्रंप ने कहा, हम पूरी दुनिया में शांति, स्थिरता और सद्भाव बहाल करेंगे। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि वह ऐसा कैसे कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा, हमारे नेतृत्व में संयुक्त राज्य अमेरिका का फिर से सम्मान किया जाएगा। कोई भी देश हमारी शक्ति पर सवाल नहीं उठाएगा, कोई भी दुश्मन हमारी ताकत पर संदेह नहीं करेगा, हमारी सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित होंगी। ट्रंप ने दुनिया भर में संघर्षों के लिए सीधे बाइडन को दोषी ठहराया। यहां तक कि उन संघर्षों के लिए भी जिनकी जड़ें बाइडन के पदभार संभालने से बहुत पहले से हैं। उन्होंने कहा, ष्एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय संकट है जिसका दुनिया ने शायद ही कभी सामना किया हो... यूरोप, मध्य पूर्व में युद्ध छिड़ा हुआ है, ताइवान, कोरिया, फिलीपींस और पूरे एशिया में संघर्ष का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने वादा किया कि अगर वे व्हाइट हाउस में दूसरे कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं तो वे यह सब बदल देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि विदेश में बंद अमेरिकियों को रिहा किया जाए।

### मंगल पर नासा के रोवर ने गलती से कर डाली बड़ी खोज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। मंगल ग्रह के शोध में नासा लंबे समय से काम कर रहा है। इस बीच नासा को मंगल ग्रह पर एक ऐसी चीज मिली है, जो किसी खजाने से कम नहीं। वहीं वैज्ञानिक इसे देख कर हैरान हैं। मंगल ग्रह की एक चट्टान में यह पीला खजाना निकला है। नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने गलती से चट्टान को तोड़ दिया था। चट्टान टूटने के बाद रोवर को इसमें से हैरान करने वाली चीज दिखाई दी। नासा का रोवर 899 किलोग्राम का है। जब इतने भारी रोवर का पहिया एक चट्टान पर पड़ा तो वह टूट गया। रोवर के कैमरों ने जब इसे देखा तो उसे शुद्ध सल्फर के क्रिस्टल मिले। पीले रंग के ये क्रिस्टल चमक रहे थे। हालांकि मंगल पर सल्फेट काफी आम हैं, लेकिन यह पहली बार है कि लाल ग्रह पर सल्फर अपने शुद्ध रूप में मिला है। वैज्ञानिकों के लिए सबसे ज्यादा दिलचस्पी इस चट्टान का गेडिज वालिस चौनल में मिलना है। यह इलाका उन चट्टानों से भरा है, जो संदिग्ध रूप से सल्फर से भरी हो सकती हैं। यह खोज सुझाव देती है कि कुछ स्थानों पर मौलिक सल्फर प्रचुर मात्रा में हो सकता है। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के क्यूरियोसिटी परियोजना वैज्ञानिक अश्विन वासवदा का कहना है, शुद्ध सल्फर से बने पत्थरों का क्षेत्र ढूंढना रेगिस्तान में पानी खोजने जैसा है।

### ईरान के परमाणु हथियार बनाने की क्षमता पर अमेरिका ने उठाया सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। हाल के महीनों में ईरान ने परमाणु हथियारों और विस्फोटक उपकरणों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। इसी को देखते हुए अब अमेरिका ने बड़ा दावा किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि ईरान के लिए ब्रेकआउट का समय अब शायद एक या दो सप्ताह का बचा है। यानी ईरान के पास परमाणु हथियार के लिए सामग्री तैयार करने का केवल '1 या 2 सप्ताह' का समय बचा है। एस्पेन सिक्योरिटी फोरम में अपनी टिप्पणी में ब्लिंकन ने कहा, हम अभी जिस स्थिति में हैं, वह अच्छी स्थिति नहीं है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, परमाणु समझौता रद्द कर दिए जाने के बाद पहले ईरान परमाणु हथियार के लिए विस्फोटक सामग्री का उत्पादन करने की क्षमता हासिल करने से कम से कम एक वर्ष दूर था, लेकिन अब शायद एक या दो सप्ताह का ही समय ईरान के पास बचा है। ब्लिंकन ने कहा कि ईरान ने खुद कोई हथियार नहीं बनाया है, लेकिन यह ऐसी चीज है जिस पर हम बहुत ही सावधानी से नजर रख रहे हैं।

# बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी हिंसक प्रदर्शन हुआ और तेज

## 105 लोगों की मौत के बाद पूरे देश में कर्फ्यू

**विरोध**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



ढाका। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार ने शुक्रवार को बांग्लादेश में राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू की घोषणा की है। उन्होंने सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर कई दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा के बाद व्यवस्था बनाए रखने के लिए सैन्य बलों की तैनाती का आदेश दिया है। बांग्लादेश में सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के महासचिव ओबैदुल कादर ने पीएम हसीना के इन फैसलों की जानकारी दी है। यह घोषणा पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी और राजधानी में सभी सभाओं पर प्रतिबंध लगाये जाने के बाद की गई। कादर ने कहा कि नागरिक प्रशासन को व्यवस्था बनाए रखने में मदद करने के लिए सेना को तैनात किया गया है।

ढाका और अन्य शहरों में विश्वविद्यालय के छात्र 1971 में पाकिस्तान से देश की आजादी के लिए लड़ने वाले युद्ध नायकों के रिश्तेदारों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों को आरक्षित करने की प्रणाली के खिलाफ कई दिनों से रैलियां कर रहे हैं। गुरुवार को आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान राजधानी ढाका तथा अन्य जगहों पर हिंसा भड़कने से करीब 35 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

भारत ने बांग्लादेश में हिंसक विरोध–प्रदर्शन को उस देश का आंतरिक मामला करार दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 8,000 छात्रों सहित लगभग 15,000 भारतीय वर्तमान में बांग्लादेश में रह रहे हैं और वे सुरक्षित हैं। जायसवाल ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। हम इसे उस देश का आंतरिक मामला मानते हैं। प्रवक्ता ने कहा, हमने बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों एवं हमारे छात्रों को उनकी सुरक्षा और आवश्यकता पड़ने पर सहायता के लिए एक परामर्श जारी किया है। हमसे संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नंबर चौबीसों घंटे सक्रिय हैं। जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर खुद इस मामले पर करीब से नजर रख रहे हैं।

बांग्लादेश में जारी प्रदर्शनों के बीच पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे। वहीं हिंसक प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। राजधानी ढाका और कुछ स्थानों पर प्रदर्शन कुछ सप्ताह पहले शुरू हुए थे लेकिन सोमवार से इनमें तेजी आ गई। ये विरोध प्रदर्शन बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने जनवरी में हुए चुनाव में लगातार चौथी बार जीत हासिल की थी।

## फिर चीन की चौखट पर मालदीव, विदेश मंत्री मूसा जमीर करेंगे यात्रा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मालदीव। मालदीव एक बार फिर चीन की गोद में जाकर बैठने को तैयार है। इसी कड़ी में मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर आज से चीन की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। अपनी यात्रा के दौरान जमीर अपने चीनी समकक्ष वांग यी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

मूसा की यात्रा इसलिए भी खास मानी जा रही है, क्योंकि इससे पहले जब मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन गए थे, तो उसके बाद उनके भारत के प्रति स्वर बदल गए थे। नवंबर 2023 में मालदीव के विदेश मंत्री बनने के बाद जमीर की यह पहली चीन यात्रा होगी। मालदीव के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, अपनी यात्रा के दौरान जमीर उन प्रमुख चीनी कंपनियों के साथ चर्चा करेंगे, जिन्होंने मालदीव के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मालदीव के राष्ट्रपति की चीन यात्रा के दौरान दोनों देशों में एक सैन्य समझौता हुआ था। चीन की ओर से मालदीव को मुफ्त सैन्य सहायता देने और मजबूत द्विपक्षीय रिश्तों की बात कही गई थी। चीन से सैन्य समझौते के बाद ही मालदीव के भारत के प्रति स्वर बदल गए थे और उसने भारत से अपने सैनिक वापिस बुलाने को कह दिया था।



### चीन में बाढ़ से हाहाकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में भारी बारिश के बाद बाढ़ आने से जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। उत्तर–पश्चिमी शांक्सी प्रांत में एक राजमार्ग पुल ढह गया। चीनी सरकारी मीडिया ने शनिवार को बताया कि इस दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो गई है और 30 लोग लापता हैं। हालांकि, सभी प्रकार के बचाव प्रयास किए जा रहे है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनिफिंग ने शांक्सी प्रांत में हुई आपदा के बाद व्यापक बचाव प्रयास करने का आग्रह किया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, शांग्लुओ शहर में बचाव अभियान अभी भी जारी है, जिसमें 20 कारें और 30 लोग अभी भी लापता हैं। पुल से गिरे पांच वाहनों को बरामद कर लिया गया है। बाढ़ के कारण पुल का एक हिस्सा टूटकर लगभग नीचे बहते पानी में गिर गया है।

# कनाडा में स्थायी निवास की चाह रखने वाले भारतीयों के लिए खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■ट्रूडो सरकार ने शुरू किया खास कार्यक्रम

ओटावा। कनाडा की सरकार ने कैनेडियन एक्सपीरियंस क्लास (सीईसी) कार्यक्रम के जरिए स्थायी निवास पाने के इच्छुक विदेशी नागरिकों को न्योता दिया है। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा की यह पहल कनाडा में काम का अनुभव रखने वाले कुशल श्रमिकों के लिए स्थायी घर पाने का शानदार मौका है। 17 जुलाई, 2024 को सीईसी के लिए एक्सप्रेस एंट्री ड्रॉ के तहत स्थायी निवास के लिए आवेदन करने के लिए 6,300 आमंत्रण (आईटीए) भेजे गए। ये आमंत्रण 18 जुलाई, 2024 तक वैध थे। इसके विपरीत, 31 मई, 2024 को पिछले दौर में 3,000 आईटीए भेजे गए थे।

बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, सीईसी विशेष रूप से उन कुशल कामगारों के लिए डिजाइन किया गया है, जिनके पास कनाडा में काम करने का अनुभव है और जो देश के स्थायी निवासी बनना चाहते हैं। इसके लिए अप्लाई करने वाले को पिछले तीन वर्षों के भीतर कनाडा में कम से कम एक साल का कुशल कार्य अनुभव औरअंग्रेजी या फ्रेंच पर अच्छी पकड़ होना जरूरी है। कनाडा कुशल कार्य अनुभव में जिन कामों को शामिल किया गया है। उनमें मैनेजमेंट के काम आते हैं। इसमें–विज्ञापन प्रबंधक, रेस्तरां प्रबंधक, इंजीनियरिंग प्रबंधक, निर्माण प्रबंधक शामिल हैं। इसके अलावा ऐसी नौकरियां जिनके लिए आमतौर पर विश्वविद्यालय की डिग्री की आवश्यकता होती है। ऐसे पद जिनके लिए कॉलेज डिप्लोमा या अप्रेंटिसशिप की आवश्यकता होती है।

इस प्रेग्राम के तहत स्थायी आवेदन करने वाले को स्वीकृत भाषा में दक्षता साबित करनी होगी। हालांकि कोई औपचारिक शिक्षा की आवश्यकता नहीं है लेकिन किसी मान्यता प्राप्त कनाडाई शैक्षिक संस्थान का सर्टिफिकेट आवेद की एक्सप्रेस एंट्री पूल में रैंक बढ़ा देता है। एक्सप्रेस एंट्री सिस्टम किसी के लिए कनाडा में रहने के टिकट की तरह है।

### टीटीपी का पाकिस्तान में सिलसिलेवार धमाकों का प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। आतंकी गुट तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान बड़े स्तर पर पाकिस्तान में हमले करने की रणनीति तैयार कर रहा है। उसके निशाने पर सुरक्षाबलों के साथ–साथ स्कूल और अस्पताल भी हैं। इस संगठन का प्लान बड़े स्तर पर पाकिस्तान में अटैक को अंजाम देने की है। ये दावा टीटीपी चीफ नूर वली महसूद की लीक हुई एक कॉल के आधार पर किया जा रहा है। सामने आई एक कॉल में प्रतिबंधित टीटीपी के कमांडर नूर वली महसूद अपने लड़ाकों को पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ाने और हमले करने के लिए लिए निर्देश देते हुए दिखाया गया है। लीक कॉल में टीटीपी कमांडर नूर वली महसूद, अहमद हुसैन उर्फ घाट हाजी और स्थानीय कमांडर साकिब गंदापुर पाकिस्तान में आतंक फैलाने की अपनी रणनीतियों पर चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे हैं।



*जीवन में सबसे बड़ी खुशी उस काम को करने में है ! जिसे लोग कहे ये तुम नही कर सकतें !! –अज्ञात*



पेज थ्री
www.page3news.in

# जनगणना की जरूरत

**खास बात यह कि हम एक लोकतांत्रिक समाज के तौर पर अपने रास्ते चलते हुए यहां पहुंचे हैं। हमें चीन के उन बाध्यकारी तरीकों की ओर जाने की जरूरत नहीं पड़ी जो एक समय काफी आकर्षक माने जाते थे, पर आखिरकार बड़े हानिकारक साबित हुए।**

गुलशन राय खत्री।।

विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर गुरुवार को भारत सरकार की ओर से जारी किए गए ये आंकड़े कई लिहाज से उत्साहवर्धक कहे जाएंगे कि देश के 36 में से 31 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों ने टोटल फर्टिलिटी रेट को रिप्लेसमेंट लेवल (2.1) से नीचे लाने में कामयाबी हासिल कर ली है। ज्थ्त का आशय किसी महिला द्वारा पूरे जीवन काल में जन्म दिए जाने वाले बच्चों की औसत संख्या से है और रिप्लेसमेंट लेवल वह स्तर है जिस पर किसी खास समाज या क्षेत्र की आबादी संतुलित रहती है। यानी किसी देश में टीएफआर के रिप्लेसमेंट लेवल पर पहुंचने का मतलब यह माना जाता है कि अब जनसंख्या में बढ़ोतरी को चुनौती के रूप में लेने की जरूरत नहीं है।

भारत के संदर्भ में, यह देखना दिलचस्प है कि जनसंख्या वृद्धि को एक चुनौती के रूप में लेते हुए कैसे हम धीरे–धीरे उस स्थिति में आ गए जहां हमारे लिए चुनौती जनसंख्या वृद्धि पर अंकुश लगाने की उतनी नहीं, जितनी डेमोग्राफिक डिविडेंड का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल करने की है। खास बात यह कि हम एक लोकतांत्रिक समाज के तौर पर अपने रास्ते चलते हुए यहां पहुंचे हैं। हमें चीन के उन बाध्यकारी तरीकों की ओर जाने की जरूरत नहीं पड़ी जो एक समय काफी आकर्षक माने जाते थे, पर आखिरकार बड़े हानिकारक साबित हुए।



हर साल की तरह इस बार भी विश्व जनसंख्या दिवस पर संयुक्त राष्ट्र की ओर से भी बाकायदा आंकड़े जारी कर बताया गया है कि आने वाले दशकों में भारत की आबादी का अन्य देशों के मुकाबले अनुपात क्या रहेगा। इन गणनाओं की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन इनकी प्रामाणिकता असंदिग्ध इसलिए भी नहीं मानी जा सकती क्योंकि भारत में जनगणना के वास्तविक आंकड़े करीब डेढ़ दशक पुराने हैं। 2011 के बाद 2021 में जनगणना होनी थी जो अभी तक नहीं हुई है।

इन आंकड़ों की खासियत यह भी है कि इसमें कोई चौंकाने वाला ट्रेंड नहीं बल्कि एक तरह की निरंतरता दिखती है। 1950 में टीएफआर का जो आंकड़ा 6.18 पर था, वह 1990 में 4.6 पर आया और 2021 में 1.91 पर आ गया। ये आंकड़े न केवल एक राष्ट्र के रूप में हमारी हाल के दशकों में हुई ग्रोथ की पुष्टि करते हैं बल्कि परिवार और समाज में महिलाओं की बेहतर स्थिति भी बयान करते हैं।

बहरहाल, टीएफआर कम होने का मतलब यह नहीं कि देश की आबादी में बढ़ोतरी नहीं होगी। यह अगले कई दशकों तक बढ़ती रहेगी। इस लिहाज से सरकार की मुख्य चुनौती शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतरीन सेवाओं तक हर व्यक्ति की पहुंच सुनिश्चित करने की है ताकि देश को अपनी आबादी के युवा स्वरूप का अधिकाधिक फायदा मिल सके।

## विश्वास

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** शनि भगवान की पूजा करो, उससे सब ठीक हो जाएगा"। काजल अचानक राहुल से कहती है कि, "मेरी समस्या की वजह तो तुम हो"। राहुल पूछता है, "कैसे"? लेकिन काजल बात को यहाँ वहाँ घूमा देती है। राहुल काजल को इस बार जोर देते हुए कहता है कि, हर शनिवार को तुम, शनि भगवान की पूजा शुरू कर दो, लेकिन काजल राहुल को मना कर देती है और गुस्से में कहती है, "तुम मुझे किसी काम के लिए मजबूर मत करो। मैं इन सब बातों पर विश्वास नहीं करती"। राहुल को समझ में नहीं आ रहा था कि, वह अपनी पत्नी को शनि के प्रकोप से कैसे बचाएँ। वह दोबारा मंदिर की तरफ जाता है और बाबा को ढूँढने लगता है, लेकिन बाबा वहाँ से जा चुके होते हैं और अब वह, अगले हफ्ते यानी, अगले शनिवार ही, यहाँ आएंगे। ... शेष कल

## संपादकीय

### जनता की चाहत

बजट में हर साल कई बदलाव होते हैं। लेकिन जनता की चाहत कभी नहीं बदलती। इनकम टैक्स की दर कम हो, इसे कैलकुलेट करना आसान हो, कुल मिलाकर उसकी यही चाहत होती है। कुछ ही दिन बाकी बचे हैं, जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पूर्ण बजट पेश करेंगी। नई सरकार का यह पहला बजट होगा। आम चुनाव पांच साल दूर हैं, लेकिन टैक्स छूट की संभावनाओं पर लगातार चर्चा हो रही है। सिस्टम को आसान बनाने और टैक्स कम करने के मकसद से ही 2020 में न्यू टैक्स रिजीम लाया गया, लेकिन इसमें लगभग सारे डिडक्शन खत्म कर दिए गए। डिडक्शन मतलब टैक्स बचाने के लिए कुछ रकम इन्वेस्ट करना होगा, इस आदत को मिटाने की कोशिश की गई। शुरुआत में तो ये लोगों की पसंद नहीं बन पाया। बाद में टैक्स में कमी करके न्यू टैक्स रिजीम में बड़े सुधार किए गए, जिससे लोग जुड़े भी। लेकिन चुनौतियां बाकी हैं। समझा जाता है कि 60 फीसदी टैक्सपेयर्स ने न्यू टैक्स रिजीम को चुन लिया है। इस संख्या को और बढ़ाने की गुंजाइश है। जिनके पास बड़ा होम लोन है, वो अब भी ओल्ड रिजीम को फायदेमंद देख रहे हैं। अगर सरकार सभी टैक्सपेयर्स को न्यू रिजीम में देखना चाहती है तो उसे टैक्स छूट मे बढ़ोतरी करनी होगी। अगर इस वक्त का आर्थिक माहौल देखें तो दो तस्वीरें नजर आएंगी। एक तरफ देश आंकड़ों में तेज रफ्तार से तरक्की कर रहा है। दूसरी तरफ घरेलू खपत में कमी दर्ज की गई है। प्राइवेट सेक्टर निवेश से बच रहा है। इसका मतलब ये निकाला जा रहा है कि डिमांड में कमी हो सकती है। निचले स्तर पर टैक्स स्ट्रक्चर ठीक किया जाए तो घरेलू खपत बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे प्राइवेट सेक्टर कंस्यूमर सेगमेंट में निवेश के लिए उत्साहित होगा। नतीजा ये होगा कि आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

**इसलिए किसी सरकार को पसंद का स्पीकर चुनने में कोई मुश्किल नहीं होती। लेकिन संसद के सुचारू संचालन के लिहाज से यह बात अच्छी मानी जाती है कि स्पीकर को पक्ष और विपक्ष दोनों का विश्वास हासिल रहे।**

# विपक्ष के बदले तेवर

दयाशंकर शुक्ल सागर।।

हालात इतने असहज नहीं होते अगर एनडीए सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में विपक्ष के किसी सांसद को डेप्युटी स्पीकर बनाने पर सहमति दे दी होती। 17वीं लोकसभा देश की पहली और अकेली लोकसभा थी, जिसमें कोई डेप्युटी स्पीकर नहीं रहा। 2019 के चुनावी नतीजों से विपक्ष इतना हताश था कि बीजेपी के सांसद, ओम बिरला बिना किसी शोर–शराबे के आसानी से लोकसभा स्पीकर चुन लिए गए। मगर डेप्युटी स्पीकर का पद खाली रहा। इस बार हालात और विपक्ष के तेवर बदले हुए हैं। उसने शर्त रख दी थी कि अगर सरकार किसी विपक्षी नेता को डेप्युटी स्पीकर बनाने पर सहमत नहीं होती है तो विपक्ष लोकसभा स्पीकर पद के लिए चुनाव लड़ सकता है। यह स्थिति सरकार के लिए असहज हो गई थी क्योंकि अगर विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर पद के लिए अपना कोई उम्मीदवार मैदान में उतारा होता तो यह आजाद भारत के संसदीय इतिहास में अनोखी और दुर्लभ घटना होती। यहां स्पीकर का चयन आम सहमति से होता रहा है।

भारत में लोकतांत्रिक संसदीय प्रणाली वेस्टमिंस्टर मॉडल पर चलती है। इस प्रणाली में लोकसभा स्पीकर को सबसे महत्वपूर्ण दर्जा दिया गया है। सदन में स्पीकर के पास अभूतपूर्व अधिकार हैं।



वह संसद का मुखिया होता है। सभी संसदीय मामलों में उसका फैसला आखिरी होता है। देश में संवैधानिक पदों की प्रोटोकॉल लिस्ट में स्पीकर को भारत के मुख्य न्यायाधीश के साथ यानी छठे रैंक पर रखा गया है।

स्पीकर चुनने के लिए सदन का साधारण बहुमत काफी है। इसलिए किसी सरकार को पसंद का स्पीकर चुनने में कोई मुश्किल नहीं होती। लेकिन संसद के सुचारू संचालन के लिहाज से यह बात अच्छी मानी जाती है कि स्पीकर को पक्ष और विपक्ष दोनों का विश्वास हासिल रहे। यही वजह है कि भारत में सत्तारूढ़ और विपक्षी पार्टियां, इस मसले पर टकराव के बजाय मेलजोल से रास्ता निकालना बेहतर समझती रही हैं। डेप्युटी स्पीकर या 'सेकेंड चेयर' विपक्ष की दुखती रग है जिसके लिए वह पिछले पांच साल से परंपरा के नाम पर लड़ रहा है। परंपरा यह जरूर रही है कि डेप्युटी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाए, लेकिन सरकारें इसके लिए कभी बाध्य नहीं रहीं। अतीत में कई ऐसे मौके आए जब स्पीकर और डेप्युटी स्पीकर दोनों सत्तारूढ़ दल के चुने गए। पचास और साठ के दशक में कांग्रेस ने कई सालों तक अपनी ही पार्टी के सांसद को डेप्युटी स्पीकर बनाया। गठबंधन के दबाव में 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को ज्क्च का स्ध्पीकर बनाना पड़ा था। तब स्ध्पीकर के ही एक फैसले के कारण सिर्फ एक वोट से अटल सरकार गिर गई थी।

संविधान का अनुच्छेद 93 कहता है कि 'लोकसभा जितनी जल्दी हो सके अपने दो सदस्यों को स्पीकर और डेप्युटी स्पीकर चुनेगी और जब कभी स्पीकर या डेप्युटी स्पीकर का पद रिक्त हो जाए, सदन किसी अन्य सदस्य को, जरूरत के मुताबिक स्पीकर या डेप्युटी स्पीकर चुन लेगा।' चूंकि संविधान में कोई स्पष्ट समयसीमा तय नहीं है इसलिए बीते पांच साल लोकसभा में कोई डेप्युटी स्पीकर नहीं चुना गया। मगर अब 18वीं लोकसभा गठित हो चुकी है। देखा जाए तो यहां परंपरा और संविधान दोनों का अतिक्रमण हुआ।

### अष्टयोग-5050

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | 4 | 1 | | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | | | 4 | 5 |
| | 42 | | 29 | | 25 | |
| | | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | | 33 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5049 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### बहुरंगा जहर

**मोहन।** अकारण नहीं कि हिंदी के वरिष्ठ कवि प्रकाश चंद्रायन अपने कविता–संग्रह 'पददलित मातृभूमि की आत्मा' की 'गंगोजमन तहजीब' शीर्षक कविता में सभ्यता समीक्षकों को संबोधित करते हुए उनसे यही सवाल पूछते हैं, 'सच–सच बताएंध्कोई शाही तहजीब मिली आपकोधजिसकी बुलंदी में खूनी बुनियाद न हो?' फिर खुद ही जवाब देते हैं, 'खून से ही लिखी गईं हुक्मी सभ्यताएं और लिखी जा रही हैं।' 'मस्तूल नहीं, पेंदे में दर्ज होता है (उनका) तड़पता सच (उसे देखें तो) दिख जाएगा साझी विरासत का रिसता जिस्म। यह भी कि 'कहां तक आह और कितनी दूर तक कराह है', 'शिखर पर गंगोजमन (तो) तल पर जुल्मोसितम' क्यों है। यह भी कि उसके 'गप के इतिहास में मिल्लत की मिसालें हैं, भूगोल में तो अपनी–अपनी जान के पड़े लाले हैं'। अन्यथा ऐसा क्यों होता कि हुजूरान तो खानदानी सफेदपोश और अवाम पुश्त–दर–पुश्त पांवपोश! प्रकाश चंद्रायन यहीं नहीं रुकते, सभ्यता समीक्षकों को थोड़ी और 'असुविधा' में डालते हैं, 'कहते हैं सन सत्तावन में उठी गंगोजमन की लहर फिर क्यों टूटा सन सैंतालीस तक टेम्स का कहर? आपोआप तो नहीं घुला तहजीब में बहुरंगा जहर।



उत्तराखण्ड शासन






"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास।
आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**



"प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखण्ड समय के साथ परिवर्तनकारी विकास का साक्षी बन रहा है। अत्याधुनिक रोपवे परियोजनाओं के साथ-साथ रेलवे, सड़क और हवाई संपर्क की दिशा में प्रगति हो रही है। इससे उत्तराखण्ड में यात्रा और पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ रहे हैं। ये बदलाव न केवल पर्यावरण अनुकूल हैं, बल्कि कुशल परिवहन भी सुनिश्चित करते हैं। ये राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देते हैं। आध्यात्मिक, रोमांचक और सांस्कृतिक पर्यटन के प्रभाव के चलते यह दुनिया भर के आगंतुकों के लिए एक पंसदीदा गंतव्य बन रहा है। हम सतत विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। अपनी प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए एक समृद्ध कल की ओर देख रहे हैं।"

**जय हिन्द-जय उत्तराखण्ड**

**पुष्कर सिंह धामी**
**मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड**

## विकसित भारत, विकसित उत्तराखण्ड

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट - 2023 के दौरान राज्य सरकार के साथ कुल 3.5 लाख करोड़ रुपये के हुए निवेश समझौते। जिसमें 81 हजार करोड़ के समझौते की ग्राउण्डिंग।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्री केदारनाथ धाम का हुआ भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण कार्य। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन के बाद मानसखंड यात्रा को मिली नई पहचान।
- चार धामों की कनेक्टिविटी के लिए ऑल वेदर रोड का हुआ निर्माण। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेललाइन का निर्माण कार्य तथा टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन सर्वे का कार्य गतिमान।
- नैनीताल जिले की बहुद्देशीय जमरानी बांध परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत मिली मंज़ूरी।
- उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम की लखवाड़ परियोजना को मिली मंज़ूरी।
- उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफ़र हुआ आसान।
- दिल्ली - देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य तेजी से जारी, 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे नेटवर्क निर्माण के लिये पर्वत माला परियोजना को मिली मंज़ूरी। केदारनाथ, हेमकुंड साहिब एवं पूर्णागिरी मंदिर तक रोपवे के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- उधमसिंहनगर के किच्छा क्षेत्र में एम्स के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान। वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तराखण्ड के सीमांत गावों का हो रहा चहुँमुखी विकास।
- जौलीग्रांट एयरपोर्ट एवं पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने हेतु कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री ने दिया वेड - इन - उत्तराखण्ड का मंत्र। जिसके तहत राज्य सरकार नए वेडिंग डेस्टीनेशन का कर रही निर्माण।

**नीति आयोग भारत सरकार की ओर से एसडीजी 2023-24 की रिपोर्ट जारी की गई है।**
**रिपोर्ट में उत्तराखण्ड ने सतत विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा उतरते हुए पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है।**

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।
www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# गंदे–मोटे खून को साफ बना देती है ये चटनी, दिल को मिलेगा प्योर ब्लड

*खून शरीर के लिए फ्यूल का काम करता है। इसके अंदर आरबीसी, डब्ल्यूबीसी जैसे कई सारे कंपाउंड होते हैं। डायजेशन के बाद भी कई सारे टॉक्सिन खून में मिल जाते हैं। इनकी वजह से खून गंदा होने लगता है। किडनी खून को प्यूरीफाई करने का काम करती है। मगर कई सारे खाद्य पदार्थ इस प्रोसेस को तेज करते हैं। इनकी मदद से ब्लड प्यूरीफिकेशन बेहतर तरीके से होता है।*



**सौंफ की चटनी खाने के फायदे**
- मासिक धर्म की समस्याओं में राहत
- ताजगी और मुंह की दुर्गंध से राहत
- एंटीऑक्सीडेंट्स का स्रोत
- हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

खून साफ करने के लिए एक खास तरह की चटनी का सेवन किया जाए। लोगों का मानना है कि सौंफ की चटनी खाने से ब्लड फिल्टर होने लगता है। इस आर्टिकल में सौंफ की चटनी बनाने का तरीका भी जानेंगे।

ब्लड प्यूरीफिकेशन
खून की गंदगी से चेहरे पर मुंहासे होने लगते हैं। यह शरीर के अंदर अंगों को भी नुकसान पहुंचाने लगता है। इसे साफ करने के लिए सौंफ की चटनी खाएं। यह टॉक्सिन निकालने में मदद करती है और ब्लड सर्कुलेशन तेज करती है।

पाचन शक्ति को बढ़ावा
शोध के मुताबिक सौंफ डायजेस्टिव सिस्टम के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसमें कार्मिनेटिव गुण होते हैं जो गैस और अपच जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। भोजन के बाद सौंफ की चटनी का सेवन करने से भोजन आसानी से पचता है और पेट की समस्याओं से राहत मिलती है।

सर्दी–खांसी से राहत
सौंफ की चटनी में एंटीइंफ्लामेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो सर्दी और खांसी में राहत प्रदान करते हैं। यह बलगम को पतला करने और गले की खराश को कम करने में सहायक होती है।

वजन घटाने में सहायक
वजन घटाने में सहायक
सौंफ की चटनी में कैलोरी की मात्रा कम होती है और यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करती है। नियमित सेवन से वजन घटाने में सहायता मिलती है। मोटापे के शिकार लोगों को इसका सेवन करना चाहिए।



## 7 दिन में ताकत डबल कर देगा ये देसी नुस्खा, फौलादी बनेगा सूखा ढांचा

क्या आपको हमेशा थकान और कमजोरी रहती है, क्या आप थोड़ा काम करके थक जाते हैं, क्या आपको उठकर खड़े होने पर चक्कर आते हैं, क्या आपकी हड्डियों में हमेशा दर्द रहता है, क्या आपका कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ा हुआ है, क्या आपका पाचन सिस्टम बिगड़ा हुआ है या फिर आप बार–बार बीमार हो जाते हैं? अगर इन सवालों में से किसी भी सवाल का जवाब हां है, तो अब समय आ गया है कि आपको अपनी डाइट में एक छोटा सा बदलाव करने का समय आ गया है। अब आपको अपने डेली रूटीन में ड्राई फ्रूट्स और हेल्दी सीड्स से भरपूर मिक्सचर को ऐड करना चाहिए। आयुर्वेदिक डॉक्टर रोबिन शर्मा आपको ताकत की एक ऐसी देसी दवा के बारे में बता रहे हैं, जिसे आप घर पर ही तैयार कर सकते हैं। यह देसी मिश्रण ताकत का पावरहाउस है। डॉक्टर का दावा है कि इसके नियमित सेवन से सिर्फ एक हफ्ते के भीतर ही शरीर की ताकत डबल हो जाएगी। एक गिलास पानी लें और उसमें यह सारी चीजें डालकर रातभर भिगोने के ल इए छोड़ दें और सुबह बादाम के छिलके उतार लें। इन चीजों को इसी पानी के अच्छी तरह पीसकर स्मूद पेस्ट बना लें। अब इसमें एक से दो चम्मच शहद मिक्स करें। कैसे करें सेवन? डॉक्टर ने बताया कि यह मिश्रण ताकत की असली दवा है और लगातार इसके सेवन से पूरे शरीर में जान आ सकती है।

## पेट धंस गया पूरा अंदर, फिगर ऐसा कि आंखें फटी रह जाएं

डॉक्टर ने अपनी पोस्ट के जरिए बताने की कोशिश की है कि उनका वजन 120 किलो पहुंच गया था जिस वजह से उन्हें चलने–फिरने या दौड़ने में बहुत ज्यादा परेशानी होती थी। वो एक सुस्त पांडा बनकर रह गई थी, जो अपने भारी भरकम शरीर के साथ कुछ नहीं कर सकता है। लेकिन आज वो इतनी फिट हैं आराम से भागकर सीढ़ियां चढ़ सकती हैं, दौड़–भाग कर सकती हैं और अन्य शारीरिक काम भी आराम से कर सकती हैं। डॉक्टर ने बताया कि मैं आज भी हर दिन कड़ी मेहनत करती हूं और अपनी सेहत और फिटनेस पर ध्यान देती हूं। भले ही मेरा शरीर बिल्कुल परफेक्ट न हो, लेकिन मैं अपने परिवार, दोस्तों और मरीजों के लिए स्वस्थ रहकर उनकी मदद करने में सक्षम हूं, और यही मेरा लक्ष्य है। डॉक्टर ने बताया कि वजन कम करने के लिए कठिन मेहनत जरूरी है लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी है आपकी डाइट। आप क्या खा रहे हैं और कैसे खा रहे हैं, यह वजन कम करने में मायने रखता है। सारा खेल कैलोरी का है। डॉक्टर के अनुसार, वेट लॉस का सीधा सा फंडा यह है कि आप कितनी कैलोरी बर्न कर रहे हैं और कितनी कंज्यूम कर रहे हैं।

## शरीर को 75 साल तक बलवान रखेगी ये चीज, जापानी नहीं बताते टिप्स



जापान लंबी उम्र के लिए जाना जाता है। वहां के लोगों की संभावित उम्र दुनिया में सबसे ज्यादा होती है। जापानी लोग बुढ़ापे तक स्वस्थ रहते हैं और दिखने में भी काफी जवान लगते हैं। जापान में 8 खास आदतों के कारण ऐसा होता है। इन चीजों के बारे में ज्यादा लोग नहीं जानते हैं। इनसे शरीर को काफी मदद मिलती है। लंबी उम्र के लिए क्या खाएं? खाना जापानी लोग जो खाना खाते हैं, उसमें प्रोसेस्ड फूड और चीनी की मात्रा बहुत कम होती है। वे ताजी सब्जियां, समुद्री भोजन, सोया प्रॉडक्ट और चावल ज्यादा खाते हैं। ग्रीन टी जापानी कल्चर का एक अभिन्न हिस्सा है। इसमें कैटेचिन नाम का एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो पुरानी बीमारियों के खतरे को कम करते हैं और सेल्स को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से ग्रीन टी से स्किन हेल्थ और संपूर्ण हेल्थ में सुधार हो सकता है। एक जापानी शोध भी इस बात का सपोर्ट करता है। जापान में हारा हची बु फॉलो करते हैं। इसमें 80 प्रतिशत पेट भरकर खाना होता है। यह आदत मोटापे के खतरे को कम करती है और ज्यादा खाने से बचाता है। इसके अलावा, कम मात्रा में खाने से पाचन तंत्र पर दबाव कम पड़ता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना एक आसान लेकिन असरदार एंटी–एजिंग आदत है।

# चिकन–मटन की बाप हैं ये सब्जी, शौक से खाते थे राजा–महाराजा



*महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, चन्द्रगुप्त मौर्य और टीपू सुलतान सहित ऐसे कई राजा–महाराजा हुए हैं, जिनके वीरता के किस्से आज भी हम किताबों में पढ़ते हैं। इन्होने बड़ी–बड़ी जंग लड़ी और अपनी वीरता का परिचय दिया। उनकी ताकत, बुद्धि और रणनीति की चर्चा आज तक होती है। राजा–महाराजा ताकत के धनवान हुआ करते थे। इतनी बड़ी सेना, प्रजा, बच्चे, राज–काज और कई पत्नियां संभालना कोई मामूली बात नहीं थी। इसके लिए शारीरिक और मानसिक रूप से बलवान होना जरूरी होता था। यही वजह है कि उनका खाना–पीना भी उसी हिसाब का हुआ करता था।*

**राजा-महाराजा क्या खाते थे?**
पुराने जमाने राजा–महाराजा विभिन्न चीजों का सेवन करते थे, जिसमें कई तरह की सब्जियां शामिल थीं, जिनमें से अधिकांश आज भी खाई जाती हैं। उनके खानपान के बारे में प्राचीन ग्रंथों जैसे वेदों, आयुर्वेद और विभिन्न ऐतिहासिक व पुरातात्विक खोजों से जानकारी मिलती है। आइए जानें उन मुख्य सब्जियों के बारे में, जो प्राचीन भारतीय आहार का हिस्सा थीं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां**
राजा–महाराजा पालक हरी पत्तेदार सब्जियों का खूब सेवन करते थे। इसमें पालक, मेथी, चौलाई जैसी सब्जियां शामिल थी। आयरन की मात्रा अधिक होने के कारण पालक का खूब इस्तेमाल किया जाता था। मेथी की पत्तियों का इस्तेमाल उनके औषधीय गुणों और पोषण मूल्य के लिए किया जाता था। विटामिन और मिनरल्स से भरपूर चौलाई की पत्तियां भोजन का मुख्य हिस्सा थीं।




**जड़ वाली सब्जियां**
रतालू कार्बोहाइड्रेट का एक बढ़िया स्रोत है जिसे विभिन्न व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता था। अरबी की जड़ों को स्टार्च की मात्रा के लिए खाया जाता था और इन्हें सब्जी और कढ़ी में डाला जाता था। मूली की जड़ और पत्तों दोनों को खाया जाता था, इन्हें पाचन क्रिया के लिए अच्छा माना जाता था।

**लौकी परिवार की सब्जियां**
उनके खाने में लौकी, करेला और पेठा जैसी शामिल की जाती थी। करेला को खासकर आयुर्वेद में इसके औषधीय गुणों के लिए खाया जाता था। सूप से लेकर मिठाई तक कई तरह के व्यंजनों में लौकी का इस्तेमाल किया जाता था। जबकि सब्जी और मिठाई बनाने में पेठे का इस्तेमाल किया जाता था।

**फलियां**
हरी बीन्स एक आम सब्जी थी, जिसे अक्सर विभिन्न खानों में शामिल किया जाता था। इसमें प्रोटीन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। इसके अलावा सेम की फली, ग्वार की फली, सोयाबीन की फली, सहजन की फली और लोबिया की फली सहित विभिन्न फलियों का खूब सेवन किया जारा था। इनमें प्रोटीन, आयरन और विटामिन की अच्छी मात्रा होती है।

**खूब खाई जाती थी ये सब्जियां भी**
प्राचीन काल में अलग–अलग तरह की सब्जियां खाई जाती थी। इनमें बैंगन, सहजन, प्याज, खीरा और लहसुन जैसी सब्जियां भी शामिल हैं। बैंगन को कई तरह के व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता था। सहजन के फलों को सब्जी और कढ़ी में डाला जाता था। प्याज और लहसुन का इस्तेमाल खाने में स्वाद बढ़ाने और उनके स्वास्थ्य लाभों के लिए किया जाता था। खीरे को खासकर गर्मियों में इसकी ठंडक देने वाली तासीर के लिए खाया जाता था।



## श्रीलंका दौरे से पहले भारतीय क्रिकेटर ने रचाई शादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इस वक्त शादी का मौसम चल रहा है यह कहना गलत नहीं होगा। हाल ही मे भारतीय क्रिकेटर्स प्रेरक मांकड़ और चेतन साकरिया भी शादी के बंधन में बंधे हैं। वहीं अब भारत के लिए वाइट बॉल क्रिकेट खेल चुके अनुभवी ऑलराउंडर दीपक हुड्डा भी शादी के बंधन में बंध गए हैं। दीपक हुड्डा ने अपनी लॉन्ग टर्म गर्लफ्रेंड से शादी रचाई। 9 साल एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों एक दूसरे से शादी के बंधन में बंधे। दीपक हुड्डा ने पूरे ट्रेडिशनल स्टाइल में अपनी वेडिंग की। उन्होंने पूरे रिति रिवाजों के साथ शादी की। भारतीय क्रिकेटर की शादी में परिवार के लोग और कुछ दोस्त भी शामिल थे। रोहतक से आने वाले 29 साल के दीपक हुड्डा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की और उसकी कैप्शन में दिल की बात भी कही। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि दोनों ने 15 जुलाई को एक दूसरे से शादी की। तस्वीरें शेयर करते हुए हुड्डा ने कैप्शन में लिखा, 9 साल तक इंतजार करने के बाद, हर पल, हर सपना, हर बातचीत हमें इस खूबसूरत दिन तक ले आई। हमें माफ करना अगर हम एक दूसरे को थोड़ी देर और तक थामे रहें। ऐसी कहानियां बुने जो सिर्फ हमारा दिल सुन सके और अगर हम थोड़े खोए हुए लगें।

### दीपक हुड्डा का इंटरनेशनल करियर

दीपक हुड्डा ने 2022 में भारत के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने टीम इंडिया के लिए 10 वनडे और 21 टी20 मुकाबले खेले हैं। वनडे में उनके नाम 153 तो टी20 में 368 रन हैं। दीपक ने वनडे में 3 तो टी20 में 6 विकेट लिए हैं। हुड्डा को आईपीएल का भी अच्छा अनुभव है। उन्होंने 118 आईपीएल मुकाबलों में 1465 रन बनाने के साथ–साथ 10 विकेट भी लिए हैं। दीपक हुड्डा फिलहाल आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ जुड़े हुए हैं।

# सूर्यकुमार यादव को बतौर कप्तान खुद को करना होगा साबित

क्रिकेट

## सूर्यकुमार यादव के कप्तान बनते ही सामने खड़े बड़े चैलेंज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव 18 जुलाई 2024 की रात कभी नहीं भूलेंगे। हार्दिक पंड्या को दरकिनार करते हुए उन्हें भारतीय टी–20 टीम का कप्तान बना दिया गया। माना जा रहा है कि सूर्या को नए हेड कोच गौतम गंभीर, चीफ सिलेक्टर और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का बैक सपोर्ट है। 27 जुलाई से शुरू होने जा रहे श्रीलंका दौरे के लिए चुनी गई टीम को वहां तीन टी–20 और इतने ही वनडे मैच खेलने हैं। ऐसा नहीं है कि सूर्या पहली बार कप्तान बनाए गए हैं, लेकिन इस बार कहानी जुदा है। टीम मैनेजमेंट उन्हें 2026 में होने वाले अगले टी–20 वर्ल्ड कप तक कप्तान बनाए रखना चाहता है, ऐसे में इस बार उनके सामने अलग चुनौतियां हैं।

33 साल के सूर्यकुमार यादव के पास टॉप लेवल पर कप्तानी का बेहद सीमित अनुभव है। अबतक उन्हें सिर्फ सात टी–20 में ही भारत की कप्तानी का मौका मिला है, जिसमें मैन इन ब्लूज ने पांच मैच जीते हैं। सूर्या की अगुवाई में ही टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4–1 से घरेलू सीरीज हराई थी। इसके बाद साउथ अफ्रीका दौरे पर वह टी–20 सीरीज 1–1 से बराबरी पर खेल कर आए थे। अब अगले छह महीने में पता चल जाएगा कि वह खुद पर किए गए भरोसे पर कितना खरा उतर पाते हैं।



श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम का चयन ये भी दिखाता है कि चयनकर्ता और कोच सीमित ओवरों के क्रिकेट को नई दिशा देना चाह रहे हैं। रोहित के संन्यास के बाद अब टीम को ऐसे ही कप्तान की जरूरत होगी जो ड्रेसिंग रूम के माहौल का खुशनुमा बनाकर रखे। बीते दो–तीन साल में रोहित शर्मा ही तीनों फॉर्मेट में भारत की कप्तानी कर रहे थे, ऐसे में सूर्या से उन्हीं की तरह सारे खिलाड़ियों को साथ लेकर चलने की क्वालिटी की उम्मीद होगी।

कप्तानी की बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद अब सूर्यकुमार यादव की असली अग्निपरीक्षा शुरू होगी। जिम्मेदारी मिलने के बाद कुछ खिलाड़ी बिखरते हैं तो कुछ निखरते हैं। कप्तानी संभालते हुए अबतक सूर्या का बल्ला भी चला है। सात मैच में उन्होंने एक शतक, दो अर्धशतक के साथ 42.85 का औसत निकालते हुए 300 रन बनाए हैं। यादव समेत पूरी भारतीय टीम यही चाहेगी कि कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद उनका फॉर्म भी बरकरार रहे।

# मोहम्मद शमी ने इंजमाम उल हक की लगाई क्लास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक के भारतीय टीम पर बॉल टेम्परिंग करने के आरोपों का करारा जवाब दिया है। इंजमाम ने टी20 वर्ल्ड कप–2024 के दौरान कहा था कि टीम इंडिया के गेंदबाजों की गेंद रिवर्स स्विंग हो रही है जो संभव नहीं है। इसी को लेकर शमी ने इंजमाम को लपेटा है।

शमी ने साथ ही वनडे वर्ल्ड कप–2023 के दौरान पाकिस्तान के कई पूर्व खिलाड़ियों के उन आरोपों को भी बकवास बताया है जिनमें उन्होंने कहा था कि भारतीय खिलाड़ियों को वनडे वर्ल्ड कप के दौरान अलग गेंद दी जा रही है। शमी ने कहा कि पाकिस्तान भारतीय टीम से कभी खुश नहीं होता। उन्होंने कहा, पाकिस्तान हमसे कभी भी खुश नहीं होता और कभी होगा भी नहीं। कोई कहता है कि हमें अलग गेंद दी गई है तो कोई कहता है कि हम जिस गेंद से गेंदबाजी करते हैं उसमें चिप है। मैंने पहले भी कहा है कि अगर मुझे कभी भविष्य में मौका मिला या ऐसा कोई प्लेटफॉर्म मिला तो मैं वहां निश्चित तौर पर गेंद खोलकर दिखाना चाहूंगा कि गेंद के अंदर कोई डिवाइस है या नहीं।

### फालतू की बातें कर जनता को वेबकूफ बनाना बंद करें

शमी ने कहा, अगर आपके गेंदबाज स्विंग और रिवर्स स्विंग करें तो ये काबिलियत है और हम करें तो ये बॉल टेम्परिंग कर रहे हैं, या इन्होंने बॉल के अंदर चिप लगाई है। शमी ने इंजमाम को जवाब देते हुए कहा कि वह फालतू की बातें कर जनता को वेबकूफ बनाना बंद करें। उन्होंने कहा, जो उनके खिलाफ परफॉर्म करेगी वो टीम वहां पर टारगेट होगी। मान लो मैंने गेंद में डिवाइस लगा भी दिया और बटन उल्टा दब गया। मैंने इनस्विंग डाली और गेंद आउट स्विंग हो गई तो चौका चला जाएगा। ये कार्टून गिरी कहीं और चल सकती है, पब्लिक को बेवकूफ बनाने वाली बातें हैं।

इंजमाम ने पाकिस्तान के एक टीवी शो पर कहा था, अर्शदीप सिंह जब 15वां ओवर फेंक रहा था तब गेंद रिवर्स स्विंग हो रही थी। ये काफी जल्दी है। इसका मतलब है कि गेंद 12वें–13वें ओवर से रिवर्स स्विंग के लिए तैयार थी। अंपायरों को अपनी आंखें खुली रखनी चाहिए।

## धोनी से रिजवान की तुलना पर भड़क गए हरभजन सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने पाकिस्तान के एक पत्रकार की जमकर फटकार लगाई है। पाकिस्तानी पत्रकार ने मोहम्मद रिजवान की तुलना भारत के दो बार के विश्व विजेता कप्तान, बेहतरीन फिनिशर और महान विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी से की थी। इसको लेकर हरभजन आग बबूला हो गए और सरेआम इस पत्रकार की क्लास लगा डाली। हरभजन ने जैसे ही पाकिस्तानी पत्रकार की एक्स पर की गई पोस्ट देखी वैसे ही इसका जवाब दिया। हरभजन ने माना कि रिजवान बेहतरीन प्लेयर हैं लेकिन धोनी से उनकी तुलना को उन्होंने बकवास बताया। हरभजन ने कहा कि रिजवान कहीं से कहीं तक धोनी के बराबर नहीं हैं। पाकिस्तान के पत्रकार फरीद खान ने एक्स पर धोनी और रिजवान की फोटो लगाकर लिखा, एमएस धोनी और मोहम्मद रिजवान, दोनों में से कौन बेहतर है? इस पोस्ट को देख हरभजन अपने आप पर काबू नहीं रख सके।

### न्यूज डायरी



## 2 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने अमेरिका में मचाया गदर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड की तूफानी पारियों के दम पर वॉशिंगटन फ्रीडम ने मेजर लीग क्रिकेट में टेक्सास सुपर किंग्स को 42 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया। वॉशिंगटन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 206 रन बनाए। टेक्सास की टीम 19.5 ओवरों में 164 रन ही बना पाई। सुपर किंग्स ने कोशिश तो बहुत की लेकिन टीम टारगेट तक नहीं पहुंच सकी। टीम के कप्तान फाफ डु प्लेसिस के अलावा कोई और बल्लेबाज अर्धशतक नहीं लगा सका। रचिन रवींद्र, जसदीप सिंह और ग्लेन मैक्सवेल की गेंदों में सुपरकिंग्स के बल्लेबाज फंस गए। रचिन रवींद्र ने चार विकेट लिए। जसदीप और मैक्सवेल ने तीन–तीन विकेट हासिल किए। रचिन रवींद्र आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हैं जिसमें एमएस धोनी हैं। टेक्सास भी इसी फ्रेंचाइजी की टीम है। सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका ये फैसला सही साबित नहीं हुआ। ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ की सलामी जोड़ी ने सुपर किंग्स के गेंदबाजों की जमकर कुटाई की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 59 रन जोड़े। इसमें से 53 रन सिर्फ हेड के थे। हेड ने 22 गेंदों पर आठ चौके और दो छक्के मारे और आउट हो गए। लेकिन स्मिथ टिके थे और लगातार रन बनाते रहे। उन्होंने अर्धशतक जमाया। 40 गेंदों का सामना करने के बाद स्मिथ ने 57 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने दो चौके और तीन छक्के मारे। सुपर किंग्स के पास इस टारगेट को हासिल करने की फायरपावर थी। लेकिन ये टीम बिखर गई।

## अब यूएई की बारी, सेमीफाइनल में पहुंचने के करीब भारतीय महिला टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दाम्बुला। आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ जीत दर्ज करके महिला एशिया कप सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी। गत चैंपियन भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया । यूएई को हरमनप्रीत कौर की टीम को हराने के लिए चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। भारत के फिलहाल दो अंक और प्लस 2.29 का नेट रनरेट है और अमीरात को हराने से उसके चार अंक हो जाएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने अच्छी गेंदबाजी की। टीम प्रबंधन को बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के जरिए वापसी की है। रेणुका ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह अच्छा स्पैल था और मौसम से भी मदद मिली। नेट पर जिस तरह से मैं अभ्यास कर रही हूं, मैच में भी उसे दोहरा सकी।' भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए 35 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने 9.3 ओवर में 85 रन की साझेदारी की। इसके बाद भारत ने तीन विकेट जल्दी गंवा दिए। भारतीय खेमा यूएई के खिलाफ मध्यक्रम के बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा होगा। एशिया कप बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम माना जा रहा है।

## सानिया मिर्जा से शादी पर मोहम्मद शमी ने तोड़ी चुप्पी, भयंकर भड़क गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आखिरकार अपने और टेनिस स्टार सानिया मिर्जा से जुड़ी अफवाहों पर बात की है। तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आए दिन उनकी और सानिया मिर्जा की शादी की खबरें वायरल होने लगती थी। छेड़छाड़ की गई तस्वीरें पोस्ट कर दी जाती थी, जिसके बाद शमी ने यूट्यूब पर एक पॉडकास्ट के दौरान इन बातों का खंडन किया। शमी ने सवाल का जवाब देते हुए फेक न्यूज फैलाने वालों को जमकर सुनाया। वह यहां तक कहते सुने गए कि ऐसे मीम्स मनोरंजन तो दे सकते हैं, लेकिन हानिकारक भी हो सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं सभी से आग्रह करता हूं कि सोशल मीडिया के प्रति जिम्मेदार बनें और ऐसी निराधार खबरें फैलाने से बचें। शमी पॉडकास्ट में कहते देखे जा सकते हैं कि, अजीब ही है और है क्या उसमें? जबरदस्ती किया है पर क्या करें? फोन खोलो तो अपना ही फोटो दिखता है, लेकिन मैं एक ही चीज बोलना चाहूंगा– किसी को ऐसे नहीं खींचना चाहिए ऐसा।

कार्यक्रम के तहत 151 पौधों का रोपण करते हुए पूर्व सैनिक संगठन।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### 151 पौधे रोप पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**संवाददाता** ऋषिकेश। डोईवाला और आसपास के क्षेत्रों में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसके तहत क्षेत्र में विभिन्न संस्थाएं औषधीय और फलदार पौधों का रोपण कर रही हैं। शनिवार को पूर्व सैनिक संगठन, राज्य किसान एकता मंच, वन विभाग व नगर पालिका प्रशासन के सहयोग से सिमलास ग्रांट में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत 151 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक बृज भूषण गैरोला ने कहा कि पर्यावरण के बिना जीवन संभव नहीं है और पर्यावरण के लिए पेड़ पौधे, जल आदि जरूरी है। पेड़ों को लगाने के साथ ही उनका संरक्षण भी करना हमारा कर्तव्य है।

### एनआईवीएच की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) ने शनिवार को नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर द विजुअली हैंडीकैप्ड (एनआईवीएच) ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन देहरादून के साथ यूकॉस्ट परिसर में एक क्रिकेट मैच आयोजित किया। यूकॉस्ट और एनआईवीएच टीम के बीच खेले गए मैच में एक विशेष गेंद का इस्तेमाल किया गया। यह छनछन की आवाज निकालती है और इसका आभास दृष्टिबाधित खिलाड़ी अपने कानों से करते हैं। यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो दुर्गेश पंत ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। एनआईवीएच की टीम ने असाधारण कौशल और टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए सौ रन से मैच जीत लिया।

### उत्तराखण्ड में प्रोजेक्ट 'सर्व सेफ फूड' का विस्तार

**संवाददाता** पंतनगर। उत्तराखंड में अपने प्रोजेक्ट 'सर्व सेफ फूड' की भौगोलिक उपस्थिति बढ़ाते हुए, नेस्ले इंडिया ने एफडीए, उत्तराखण्ड और नेशनल असोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (एनएएसवीआई) के साथ अपना गठबंधन जारी रखा है। इसके तहत देहरादून, चमौली, रुद्र प्रयाग, टिहरी गढ़वाल और उत्तरकाशी जिलों में 1200 से ज्यादा स्ट्रीट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने शुरू किया अपने एसआईपी को दो प्रोमोशन

**संवाददाता** देहरादून। जैसे–जैसे हमारा जीवन आगे बढ़ता है, वैसे–वैसे हमारे लक्ष्य, हमारी जीवनशैली, हमारे खर्चे, हमारे जीवन–यापन के व्यय और हमारे सपने भी बदलते रहते हैं। लेकिन हममें से कितने लोग अपने पैसों को उतना बढ़ाने के बारे में सोचते हैं, जितना उसे बढ़ना चाहिए? हमारा यही पैसा हमारी संपत्ति को बढ़ाने के लिए बहुत काम करता है, ताकि हम अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं को पूरा कर सकें।

# 227 ग्राम पंचायतों में जल्द ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के निर्देश

**बैठक**

- सीएस ने पीएम प्रगति पोर्टल के तहत एएमआरयूटी 2.0, पीएम–एबीएचआईएम कार्यक्रमों की समीक्षा की
- सचिव शहरी विकास करे एएमआरयूटी 2.0 कार्यक्रम के तहत संचालित प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनिटरिंग

**संवाददाता**



देहरादून। सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने भारत नेट प्रोजेक्ट के तहत राज्य में 697 ग्राम पंचायत में से अवशेष 227 ग्राम पंचायत भवनों में समयबद्धता से विद्युतीकरण के निर्देश दिए हैं ताकि इनमें जल्द से जल्द ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी दी जा सके। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए कि राज्य की कठिन भौगोलिक स्थिति, सामरिक महत्व और प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए भारतनेट प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाना चाहिए।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में पीएम प्रगति पोर्टल के तहत भारतनेट, दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस–वे, देवबंद रुड़की रेलवे लाइन प्रोजेक्ट तथा एएमआरयूटी 2.0 और पीएम–एबीएचआईएम कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में राज्य में भारतनेट प्रोजेक्ट की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी दी गई कि 697 ग्राम पंचायतों में से 339 को स्थायी कनेक्शन के साथ विद्युतीकृत कर दिया गया है। 173 ग्राम पंचायतों ने विद्युतीकरण के लिए यूपीसीएल को आवश्यक शुल्क का भुगतान कर दिया है। 43 ग्राम पंचायतों को शहरी क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां 33 के विद्युतीकरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है और शेष 10 साइटों को विद्यालयी शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग को हस्तांतरित किया जा रहा है। 98 ग्राम पंचायतों को बिना ग्राम पंचायत भवन की श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है, जो अनिश्चित स्थिति में है। जीपीओएन उपकरण को स्थानांतरित करने के लिए वैकल्पिक साइटों की पहचान की जा रही है। शेष 44 ग्राम पंचायतें बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करने और भुगतान करने की प्रक्रिया में हैं।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिव शहरी विकास के माध्यम से एएमआरयूटी 2.0 कार्यक्रम के तहत संचालित प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने पेयजल की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग में आमजन की भागीदारी बढ़ाने के लिए नागरिकों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने विशेष रूप से महिला स्वयं सहायता समूहों को वॉटर टेस्टिंग की ट्रेनिंग तथा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन के संबंध में जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने पीएम–एबीएचआईएम के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए टाइमबाउंड एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने ब्वै पोर्टल पर उक्त सभी प्रोजेक्ट्स की मैपिंग, प्रगति, फोटो तथा व्यय की जानकारी नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

### रेलवे लाइन प्रोजेक्ट्स के त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे तथा देवबंद रुड़की रेलवे लाइन प्रोजेक्ट्स के त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन से प्रभावी समन्वय के भी निर्देश दिए हैं।

# हर चुनौती से निपटने को रहें तैयारः एडीजी

**निर्देश**

- एडीजी लॉ एंड ऑर्डर एपी अंशुमान ने पुलिस के अधिकारियों को किया ब्रीफ

**संवाददाता**

ऋषिकेश। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के तहत एडीजी लॉ एंड ऑर्डर एपी अंशुमान ने शनिवार को श्रीदेव सुमन विवि ऋषिकेश कैंपस में टिहरी, पौड़ी और देहरादून पुलिस के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया। उन्होंने तीनों जिलों की पुलिस को समन्वय पर जोर देते हुए कावंड़ यात्रा की हर चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा। यात्राकाल में शिवभक्तों की सुरक्षा के साथ यातायात को भी सुचारु रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

ब्रीफिंग के दौरान एडीजी ने पुलिस अधिकारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए कहा। भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताते हुए कहा कि यात्राकाल में ट्रैफिक को नियंत्रित रखने के लिए पुख्ता प्लान लागू किया जाए। भीड़ में आसामाजिक तत्वों की पहचान कर उनकी धरपकड़ के निर्देश दिए। यात्रा को बेहद संवेदनशील बताते हुए एडीजी ने पुलिस के साथ अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। किसी भी क्षेत्र में हल्की से भी घटना की सूचना फौरन आला अधिकारियों को देने की नसीहत भी दी। सामूहिक प्रयास पर पुलिस अधिकारियों को ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि इससे ही यात्रा सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगी।

मौके पर आईजी अभिसूचना कृष्ण कुमार वीके, आईजी गढ़वाल करण सिंह नगन्याल, एसएसपी देहरादून अजय सिंह, एसएसपी पौड़ी, लोकेश्वर सिंह, एसएसपी टिहरी नवनीत सिंह भुल्लर, एसपी देहात लोकजीत सिंह, एएसपी जया बलोनी, सीओ संदीप नेगी आदि मौजूद रहे।

### बोल बम के जयघोष से गूंजने लगा मणिकूट पर्वत

श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के चलते ऋषिनगरी बम भोले के उद्घोष से गूंजने लगी है। कांवड़ियों की संख्या बढ़ने से ऋषिनगरी अब भगवा रंग में रंगी नजर आने लगी है। शनिवार को नीलकंठ पैदल एवं मोटरमार्ग से कांवड़िये जलाभिषेक को जाते दिखे। श्रावण मास के पहले सोमवार के जलाभिषेक के लिए रविवार से कांवड़ियों की संख्या में इजाफा होगा। शनिवार को बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने नीलकंठ महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। शनिवार को कांवड़ यात्रियों का रेला नीलकंठ महादेव मंदिर की ओर बढ़ता नजर आया। खासकर स्वर्गाश्रम–लक्ष्मणझूला क्षेत्र कांवड़ियों से अटा रहा।

### विक्रम वाहनों पर कार्रवाई, 52 के चालान, चार किए सीज

**संवाददाता** देहरादून। संभागीय परिवहन विभाग ने विक्रम वाहनों के अवैध संचालन और ओवरलोडिंग को लेकर शनिवार को शहर भर में चेकिंग अभियान चलाया। विभाग की चार प्रवर्तन टीमों ने 52 विक्रम वाहनों के चालान कर चार सीज किए हैं। आरटीओ (प्रवर्तन) शैलेश तिवारी ने बताया कि अभियान एआरटीओ राजेंद्र विरादिया, एमडी पपनोई, परिवहन कर अधिकारी श्वेता रौथाण और अनुराधा पंत के नेतृत्व में चकराता रोड, राजपुर रोड, धर्मपुर मार्ग और हरिद्वार बाईपास रोड पर चलाया गया। बताया कि चार टीमों ने एक–एक विक्रम वाहन को रोककर चेकिंग की है। इस दौरान कुछ विक्रम वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री मिले हैं। कुछ वाहन बिना परमिट के चल रहे थे। कुछ वाहनों के ड्राइवरों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। बताया कि अभियान के दौरान सभी टीमों ने 52 वाहनों के चालान कर चार सीज किए हैं। वहीं, अभियान के चलते विक्रम संचालकों में दिनभर हड़कंप रहा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।